April 05, 2026

Value Rs. 0.78 Lakh

नकली बीड़ी कारखाने का पर्दाफाश, प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट भी जब्त

पीपुल्स संवाददाता ● कटनी

editor@peoplesamachar.co.in

कोतवाली पुलिस ने शहर में नकली बीड़ी के बड़े अवैध कारोबार का पर्दाफाश करते हुए राम मनोहर लोहिया वार्ड समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में स्टॉक जब्त किया है। यह कार्रवाई अंजली ट्रेडिंग कंपनी के लीगल एडवाइजर कुनाक कुमार घोष की मौजूदगी में की गई।

जांच में खुलासा हुआ कि 'कैलकुलेटर' ब्रांड नाम और मोनोग्राम का दुरुपयोग कर नकली बीड़ी तैयार कर बाजार में खपाई जा रही थी। पुलिस ने सतीश अग्रवाल (39), निवासी राम मनोहर लोहिया वार्ड के घर पर दबिश दी, जहां से बड़ी मात्रा में नकली बीड़ी, रैपर और पैकिंग सामग्री बरामद हुई। करीब 20 हजार रुपये का माल जब्त किया गया।

कटनी। कार्रवाई के दौरान टीम ने भारी मात्रा में नकली बीड़ी का स्टॉक जब्त किया।

कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज

मामले में प्रमोद बडगैयां (चांडक चौक) की भी भूमिका सामने आई है, जो इस अवैध निर्माण से जुड़ा बताया जा रहा है। वहीं सतीश अग्रवाल की दुकान से भी नकली बीड़ी और सिगरेट जब्त की गई। छापेमारी के दौरान इंडोनेशिया की प्रतिबंधित ब्लैक सिगरेट के पैकेट भी बड़ी संख्या में मिले, जिनकी बिक्री भारत में अवैध है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे की टीम ने कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धारा 63 व 65 के तहत मामला दर्ज कर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

Translation

Police seized counterfeit cigarettes from a shop.